तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 वन महोत्सव सप्ताहः कृषि महाविद्यालय ढोलिया में हुआ पौधारोपण...



10 विद्युत समस्या को लेकर विधायक ने दिखाए ...



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की जिला स्तरीय सामान्य बैठक आज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की जिला स्तरीय सामान्य बैठक का आयोजन आज 8 जुलाई बुधवार दोपहर 12 बजे गांधी भवन, बेमेतरा में किया जाएगा। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद तिवारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं, संगठन की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। अध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी सदस्यों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव रखने की अपील की है।

### लालपुर स्कूल में शिक्षक ने जन्मदिन पर कराया नेवता भोज

**नवागढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर के सहायक शिक्षक शांत कुमार पटेल ने अपने 37वें जन्म दिन पर विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन कराया। इस दौरान विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी, फल व मिठाई परोसी गई। शिक्षक ने वृक्षारोपण कर बच्चों को कॉपी, पेन और बैग वितरित किए तथा पिता के निधन के बाद आर्थिक कठिनाई झेल रहे दो विद्यार्थियों सिद्धांत और निहाल की पूरी पढ़ाई का खर्च वहन करने का संकल्प लिया। संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे ने इसे विद्यालय और समाज को जोड़ने वाली प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, रसोइयों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नकटी में गरीबों के मकान तोड़े जाने के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा।** शिवसेना छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश महासचिव दाऊ



राम चौहान ने रायपुर के समीप ग्राम नकटी में प्रशासन द्वारा गरीब परिवारों के मकान तोड़े जाने की कार्रवाई का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम बेमेतरा कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रभावित परिवारों के तत्काल पुनर्वास, पक्का आवास और उचित मुआवजा देने की मांग की गई। दाऊ राम चौहान ने बताया कि पार्टी प्रमुख डॉ. आनंद मल्होत्रा के निर्देश पर यह ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी बारिश के दौरान बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 80 से 85 गरीब, मजदूर और आदिवासी परिवारों के आशियानों पर बुलडोजर चलाया, जो अमानवीय और संवेदनहीन कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि जिन मकानों को तोड़ा गया, उनमें कई प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 11 पर

# राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में बेमेतरा की बेटियां बनीं चैंपियन

## महासमुंद को 15-5 से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कोरबा के प्रियदर्शिनी स्टेडियम, टीपी नगर में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-18 बालिका रग्बी प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले की स्वामी आत्मानंद स्कूल, हसदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में बेमेतरा ने महासमुंद को 15-5 से हराकर राज्य का खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में बेमेतरा की टीम का दबदबा देखने को मिला। लीग मुकाबलों में टीम ने रायपुर को 30-0, दुर्ग को 35-0 और बालोद को 10-0 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में बिलासपुर को 20-0 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां महासमुंद को भी एकतरफा मुकाबले में 15-5 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम में कप्तान द्रौपति निर्मलकर के साथ गोमती, श्रद्धा, रोशनी, नंदनी, मानसी, भूमिका, सरस्वती, लावण्या, डिंपल, याचना और कुसुम शामिल रहीं। टीम के कोच दुलेश्वरी धीवर एवं रमजान अली तथा मैनेजर होमेंश्वरी निर्मलकर रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसदा के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने बताया कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जी.पी. सिंह, दुष्यंत कुमार परगनिहा, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, उपसरपंच ओमप्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य रेखा पौषण सिन्हा, संकुल समन्वयक दीपक आड़ील, बलिराम धीवर, रामेश्वरी साहू, आकाश वर्मा, मानचंद निर्मलकर, देविका वर्मा, आंचल बंछोर सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### कड़ी मेहनत और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम

संस्था प्रमुख ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है। विद्यालय में रग्बी सहित विभिन्न खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू और आकाश वर्मा खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लोकेश्वर राव ने कहा कि गांव के खिलाड़ी भी मेहनत और उचित मार्गदर्शन के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।



### इस वर्ष का तीसरा बड़ा खिताब

स्वामी आत्मानंद स्कूल, हसदा के खिलाड़ियों के लिए यह वर्ष लगातार सफलताओं वाला साबित हो रहा है। राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप का यह इस वर्ष का तीसरा बड़ा खिताब है, जिससे विद्यालय और जिले का गौरव पूरे प्रदेश में बढ़ा है।

## घटना : मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम

# सीमावर्ती खारुन नदी का काल बनी जलकुंभी 25 भैंसों की मौत पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## तहसीलदार के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में खारुन नदी की जलकुंभी 25 भैंसों के लिए मौत का कारण बन गई। थाना कंडरका एवं उप तहसील भिंभौरी अंतर्गत हुई इस घटना से आक्रोशित पशुपालकों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर खारुन नदी पुल पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के चलते नदी के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के मौके पर पहुंचकर मुआवजे का आश्वासन देने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया।

- लगातार बारिश के बाद नदी में फैली जलकुंभी में फंसे मवेशी, घंटों बाधित रहा आवागमन

जानकारी के अनुसार लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण खारुन नदी का जलस्तर बढ़ गया। तेज बहाव के साथ दूर-दराज से बहकर आई जलकुंभी नदी में बड़ी मात्रा में जमा हो गई, जिससे पानी की सतह समतल दिखाई देने लगी। इसी भ्रम में





चरते हुए मवेशी जलकुंभी के बीच पहुंच गए और उसमें फंसकर बाहर नहीं निकल सके। देखते ही देखते 25 भैंसों की मौत हो गई। घटना में ग्राम कंडरका के कई पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ। इनमें तीजन बाई यदू की 4, मिथुन यदू की 4, विष्णु यदू की 4, टीकम यदू की 4, परदेशी यदू की 3, रूपराम यदू की 3 तथा लोकेश यदू की 3 भैंसों की मौत हुई है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में खारुन नदी पुल पर एकत्र हुए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान आवागमन पूरी तरह ठप हो गया तथा पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल राहत राशि देने की मांग की। सूचना मिलने पर थाना कंडरका प्रभारी डी.एल. सोना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं उप तहसील भिंभौरी के तहसीलदार के. वासनिक ने भी घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने पीड़ित पशुपालकों को शासन के नियमानुसार प्रत्येक मृत मवेशी के लिए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त कर दिया गया, जिससे यातायात पुनः सामान्य हो सका।

थाना प्रभारी डी.एल. सोना ने बताया कि खारुन नदी में जलकुंभी के बीच फंसने से ग्रामीणों की 25 भैंसों की मौत हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था। पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और एसडीएम से चर्चा कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।

## तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में लगातार हो रही बारिश और आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राहत एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक लेकर सभी विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को संभावित बाढ़, जलभराव व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तत्परता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

- 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, राहत शिविर व आवश्यक संसाधन पहले से तैयार रखने के निर्देश

कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करने, संवेदनशील व बाढ़ संभावित इलाकों की निगरानी रखने तथा मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के आधार पर समय रहते आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों को ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों पर स्थित शासकीय विद्यालयों, छात्रावासों या सामुदायिक भवनों में अस्थायी रूप से ठहराया जाए तथा वहां पेयजल, भोजन, बिजली, स्वच्छता और प्राथमिक उपचार जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। बैठक में जिला कंट्रोल रूम को 24×7 सक्रिय रखने, सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल रवाना करने तथा ▶▶| शेष पेज 11 पर

# घठोली स्कूल में हुआ बाल कैबिनेट चुनाव, जागेश्वरी बनीं शाला नायिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घटोली में मंगलवार को सत्र 2026-27 के लिए बाल कैबिनेट एवं शाला नायक का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। चुनाव में कुल 76 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरी प्रक्रिया मतपत्र, मतदान, मतगणना एवं पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।

शाला नायक पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना में जागेश्वरी को सर्वाधिक 50 मत प्राप्त हुए, जबकि राधिका गंधर्व को 20 मत मिले। इसके बाद जागेश्वरी को शाला नायिका एवं राधिका को उपशाला नायिका घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। प्रभारी प्रधान पाठक रूपेश कुमार साहू ने बताया कि बाल कैबिनेट का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से निष्पक्ष भाव से कार्य करते हुए विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बाल कैबिनेट में ऐश्वर्या साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जिले में डायल-112 सेवा को और प्रभावी बनाने प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डायल-112 /"एक नंबर सब्बो बर/" परियोजना के अंतर्गत 7 एवं 8 जुलाई जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

- अधिकारियों-कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला नियंत्रण केंद्र एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन में स्थापित आधुनिक उपकरणों के कुशल एवं प्रभावी संचालन के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना है।



कार्यशाला में पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव की मौजूदगी में सी-डैक रायपुर की प्रशिक्षण टीम के सीनियर इंजीनियर विनोद, नेटवर्क इंजीनियर संकला केडिया तथा विजन प्लस के गोविंद तंवर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बेमेतरा, मुंगेली एवं बलौदाबाजार जिले के डायल-112 के नोडल अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक, डीसीसी प्रभारी एवं स्टाफ, ईआरवी स्टाफ, थाना स्टाफ तथा हाईवे पेट्रोलिंग स्टाफ शामिल हुए। उन्हें डायल-112 प्रणाली में उपयोग किए जा रहे आधुनिक उपकरणों के संचालन, तकनीकी प्रक्रियाओं, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तथा बेहतर समन्वय की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों को डायल-112 सेवा को अधिक प्रभावी, त्वरित एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर आम नागरिकों को बेहतर आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डीआईजी रामकृष्ण साहू ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन कॉल पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिस्पॉन्स टाइम कम करने, घटनास्थल पर शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही ड्यूटी के दौरान सतर्कता ▶▶| शेष पेज 11 पर

## ग्रामीणों ने नए भवन और जल निकासी की उठाई मांग

# बारिश से लबालब बैजी का प्राथमिक स्कूल, जलभराव से बंद हुई पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के दुर्ग रोड स्थित ग्राम बैजी में शिक्षा व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई है। लगातार हो रही बारिश से शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है।

- चार भवन खस्ताहाल, एक कमरे में चल रही थी पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं

जलभराव के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ विद्यालय को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है और विद्यार्थियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। वर्षों पुरानी जल निकासी की समस्या के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों और पालकों में नाराजगी है। बारिश के चलते स्कूल परिसर में जगह-जगह पानी भर गया है, जिससे बच्चों और शिक्षकों का विद्यालय पहुंचना मुश्किल हो गया है। नियमित कक्षाएं बाधित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए स्कूल परिसर के पांच भवनों में से चार भवन अति जर्जर हो चुके हैं। भवनों की छतों से प्लास्टर गिर रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सुरक्षा के मद्देनजर इन कमरों का उपयोग बंद कर दिया गया है। मजबूरी में पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चों को एक ही भवन में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही थी। प्रधान पाठक ने बताया कि जल निकासी ▶▶| शेष पेज 11 पर





### बड़ा सवाल,क्या बच्चों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़?

चार जर्जर भवन, जलभराव से घिरा स्कूल और बंद होती पढ़ाई कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। आखिर मासूम बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या समय रहते इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान करेगा?

### दो सरकारी स्कूलों के नए भवन को मिली 23.68 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**बेमेतरा।** जिले की दो शासकीय शालाओं में नवीन विद्यालय भवन निर्माण के लिए जिला पंचायत ने 23 लाख 68 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। स्वीकृति मिलने से ग्राम झिरिया स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला और ग्राम बैजी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में नए भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। निर्माण कार्य संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया जाएगा। जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर दोनों विद्यालयों के भवन निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह स्वीकृति लोक शिक्षण संचालनालय, अटल नगर, नया रायपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी, बेमेतरा के निर्देशों के अनुपालन में जारी की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बेमेतरा द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के बाद जिला पंचायत ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य के लिए धनराशि बजट उपलब्ध होने पर पृथक से जारी की जाएगी। कार्य स्वीकृत प्राक्कलन, निर्धारित प्लिंथ एरिया और विभागीय ▶▶| शेष पेज 11 पर

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रमाण पत्र के लिए एक साल से भटक रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भगवत प्रसाद उपाध्याय के परिवार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी का प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी पर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई है। परिवार का आरोप है कि आवश्यक जांच पूरी होने के बावजूद एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया, जिससे उन्हें लगातार प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

- कलेक्टर से लगाई गुहार

परिवार के अनुसार आवेदिका राधाबाई उपाध्याय ने अपने नाती देवस्य उपाध्याय एवं नेहाल तिवारी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रेणी का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु



11 जुलाई 2025 को कलेक्टर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि स्वर्गीय भगवत प्रसाद उपाध्याय का नाम कलेक्टर कार्यालय में संधारित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजी में दर्ज है।

दस्तावेजों के अनुसार आवेदन पर तहसीलदार नांदघाट द्वारा जांच पूरी कर 17 अक्टूबर 2025 को अपना प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर आवेदिका ने हाल ही में जनदर्शन के माध्यम से पुनः कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

परिवार का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पात्र वंशजों को उच्च शिक्षा में आरक्षण का लाभ मिलता है। वर्ष 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में इस प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। समय पर प्रमाण पत्र जारी नहीं होने से विद्यार्थियों के शैक्षणिक अवसर प्रभावित होने की आशंका है। परिजनों ने प्रशासन से मामले में शीघ्र निर्णय लेकर पात्रता के अनुरूप प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को शासन की निर्धारित सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### निरीक्षण: रामपुर विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

# विद्युत समस्या को लेकर विधायक ने दिखाए सख्त तेवर, जेई को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा


पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से जारी अघोषित बिजली कटौती और बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कथित दुर्व्यवहार की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधायक भावना बोहरा मंगलवार को रामपुर विद्युत सब स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने मौके पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा किसानों और स्थानीय उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने विधायक को बताया कि खरीफ सीजन के बीच लगातार अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और समय पर विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही कुछ उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक भावना बोहरा ने मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर सौरभ कुमार को लापरवाही बरतने और शिकायतों के निराकरण में उदासीनता को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों और आम उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय खरीफ फसलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

किसानों को सिंचाई के लिए नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलना आवश्यक है। बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती से खेती-किसानी प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की जिम्मेदारी है कि वह समय पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे और किसी भी तकनीकी समस्या का तत्काल निराकरण करे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया तथा बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिलाए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विधायक भावना बोहरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में अघोषित बिजली कटौती या उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार जैसी शिकायतें दोबारा सामने आती हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने का पूरा अधिकार है और विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि वे शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनका समयबद्ध समाधान करें। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



#### खरीफ सीजन में निर्बाध बिजली आपूर्ति पर दिया जोर

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि खरीफ फसलों की बुआई और सिंचाई का समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे समय में अघोषित बिजली कटौती किसानों की मेहनत और उत्पादन दोनों को प्रभावित करती है। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि कृषि पंपों के लिए पर्याप्त और नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा तकनीकी खराबियों का तत्काल निराकरण किया जाए।

#### अभद्र व्यवहार पर भी जताई नाराजगी, कार्रवाई की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान कई किसानों और उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत विधायक से की। इस पर विधायक ने स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों की अनदेखी या उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

# दोपहर बाद स्कूल बंद, कैसे पढ़ेगा, कैसे बढ़ेगा इंडिया?

### वनांचल के कई स्कूल इकलौते शिक्षक के भरोसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सरकारें भले ही पढ़ेगा इंडिया, तो बढ़ेगा इंडिया का नारा बुलंद करते न थकती हों, लेकिन कबीरधाम जिले के वनांचल और अंतिम छोर के गांवों में यह नारा दोपहर होते-होते दम तोड़ देता है। विकासखंड बोड़ला के सुदूर ग्राम धनवाही और सुखझर के प्राथमिक विद्यालयों में मंगलवार को जो नजारा दिखा, उसने शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी।

यहां दोपहर के अभी ठीक से 2.00 भी नहीं बजे थे कि स्कूलों के मुख्य द्वारों पर बड़े-बड़े ताले लटकते पाए गए। बच्चे पढ़ाई करने की उम्र में स्कूल के बाहर खड़े होकर सिस्टम की बेरुखी का तमाशा देखते नजर आए। जब इस समय पूर्व तालाबंदी का राज जानने की कोशिश की गई, तो जो जवाब मिला वह शिक्षा विभाग की लचर और संवेदनहीन नीतियों पर सबसे बड़ा तंज है। ग्राम धनवाही प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक से जब पूछा गया कि देश के भविष्य को दोपहर 2 बजे ही क्यों घर भेज दिया गया? तो उन्होंने लाचारी भरा अजीबोगरीब तर्क दिया। प्रधानपाठक ने कहा मैं स्कूल में अकेला शिक्षक हूँ।

दलदली में संकुल स्तरीय बैठक थी, वहां जाना भी जरूरी था। अब बताइए, मैं स्कूल संभालु या बैठक । इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प और हैरान करने वाला मोड़ तब आया, जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप चंद्राकर से इस विषय पर चर्चा की गई। बीईओ श्री चंद्राकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, हमारे तरफ से साफ तौर पर निर्देशित किया गया है कि किसी भी शिक्षक को स्कूल बंद करके किसी भी बैठक में नहीं जाना है। इसके बावजूद अगर ऐसा हुआ है, तो मैं संबंधित समन्वयक और शिक्षक से जानकारी लेता हूँ। बीईओ साहब का यह बयान साफ करता है कि शिक्षा विभाग में उच्च अधिकारियों के आदेशों की क्या अहमियत और हैसियत है। अधिकारियों के कड़े निर्देश निचले स्तर पर आते-आते कितने फीके और बेअसर हो जाते हैं, यह इस घटना से साफ समझा जा सकता है।





एक तरफ अधिकारी कह रहे हैं कि स्कूल बंद नहीं करना है, तो दूसरी तरफ संकुल स्तर पर ऐसी बैठकें रख दी जाती हैं कि एकल शिक्षक वाले स्कूल को ताला लगाने पर मजबूर होना पड़ता है। आखिर समन्वय की कमी और इस लचर व्यवस्था की सजा ये मासूम बच्चे कब तक भुगतेंगे?

#### साहबों की हाजिरी जरूरी बच्चों की पढ़ाई ऑप्शनल

कबीरधाम के इन सुदूर अंचलों में एकल शिक्षक, की बीमारी सालों पुरानी है। जब भी कोई शासकीय कार्य, चुनाव ड्यूटी या संकुल बैठक होती है, तो पूरा का पूरा स्कूल ही ऑफिशियल तौर पर बंद कर दिया जाता है। अधिकारियों के कागजी दावे और मैदानी हकीकत के बीच की यह खाई बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।

#### ग्रामीणों में भारी आक्रोश, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

स्कूलों में समय से पहले ताला लटके देख स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने कड़े शब्दों में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि अधिकारियों को बैठकें ही लेनी हैं, तो वे इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं करते? ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की सुध लेने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि बीईओ भानु प्रताप चंद्राकर की इस जानकारी और जांच के बाद व्यवस्था में कोई सुधार होता है, या उच्च अधिकारियों के आदेश इसी तरह फीके पड़ते रहेंगे और वनांचल के इन मासूमों का भविष्य साहबों की बैठकों की भेंट चढ़ता रहेगा।

### खबर संक्षेप

#### मानसून में बिजली से सतर्कता जरूरी

**कवर्धा।** बरसात के मौसम में नमी और पानी के कारण बिजली के करंट का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र ने आमजन की सुरक्षा के लिए अलर्ट जारी किया है। कबीरधाम जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे थोड़ी सी सावधानी बरतकर बड़ी दुर्घटना से बच सकते हैं। मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने कहा कि आंधी-तूफान और बारिश बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति होती है। फीडर में फाल्ट ढूंढना आसान नहीं होता। अंधेरे और बारिश में भी हमारे कर्मचारी लाइन सुधार में जुटे रहते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा, बिजली आपूर्ति बाधित होने पर 5-10 मिनट रुक कर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं। विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन में आपकी सतर्कता बहुत जरूरी है। जरा सी छेड़छाड़ से बड़ा हादसा हो सकता है।

#### नीरज व बीपी गुप्ता पदों पर मनोनीत

**कवर्धा।** नगर के लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष द्वय लायन नीरज मनजीत छाबड़ा एवं लायन बीपी गुप्ता को लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी की कैबिनेट में क्रमशः माइक्रो चेयरपर्सन व डिस्ट्रिक्ट चैयरपर्सन के पद पर मनोनीत किया गया हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी ने पिछले दिनों बिलासपुर में संपन्न प्री कैबिनेट मीटिंग में इस आशय का ऐलान किया।

# धान खरीदी केन्द्रों में करोड़ों के घोटाले की आशंका किसान संघ ने सीएम से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के धान खरीदी केंद्रों में कथित रूप से हो रहे घोटाले और अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए कबीरधाम जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

यह ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है। भारतीय किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने आरोप लगाया है कि कबीरधाम जिले सहित प्रदेश की विभिन्न सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित धान खरीदी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से लेकर भंडारण, परिवहन और मिलिंग तक की प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियों की आशंका है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है और किसानों का भरोसा भी प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कई स्थानों पर धान खरीदी में हेराफेरी, खरीदी के बाद मिलिंग के लिए परिवहन में फर्जी बिलों का उपयोग, कम वजन का परिवहन, रास्ते में धान की अफरा-तफरी तथा वास्तविक खरीदी और भंडारण के आंकड़ों में भारी अंतर जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा कागजों में धान खरीदी दर्शाकर वास्तविक स्टॉक गायब होने जैसी गंभीर अनियमितताओं की भी जांच किए जाने की मांग की गई है। भारतीय किसान संघ का कहना है कि यदि समय रहते इन मामलों की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो इससे किसानों के हित प्रभावित होंगे और शासन की साख पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। संगठन ने पूरे प्रदेश की धान खरीदी व्यवस्था की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराए जाने की आवश्यकता बताई है।

#### भारतीय किसान संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखी मांगे

ज्ञापन में किसान संघ ने प्रदेश सरकार के समक्ष चार प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जांच कराने की मांग रखी है। जिसमें प्रत्येक किसान से खरीदे गए धान की मात्रा, खरीदी की तिथि तथा भुगतान की तिथि का ऑडिट कराया जाए। समिति से संग्रहण केन्द्र और वहां से मिलर्स तक धान के परिवहन की जीपीएस ट्रैकिंग, धर्मकांटा पर्ची तथा परिवहन अभिलेखों का मिलान किए जाने, समिति, संग्रहण केन्द्र एवं मिलर्स के पास उपलब्ध भौतिक स्टॉक का कागजी रिकॉर्ड से सत्यापन कराया जाने, पूरे प्रदेश की धान खरीदी प्रक्रिया की किसी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से जांच करए जाने की मांग शामिल है। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश स्तर पर एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# गांव के अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम दमगड पंचायत के आश्रित गांव चारभाठा में एक ग्रामीण का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है।



स्थिति परिस्थति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि ग्रामीण अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। ग्रामीणों की सूचना पर कुकदुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद कर लिया है और अब आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुनगाडीह निवासी बुधारी धुर्वे आयु 50 वर्ष मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बताया जा रहा है। जानकारी मिली है कि बुधारी को ईलाज के लिए उसकी बहन के घर कुई-अमेरा ले जाया गया था। जहां से वह बीते 5 तारिख को बिना कुछ बताए कहीं चला गया। जिसके बाद से उनकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

इसी बीच मंगलवार को दमगड पंचयात के आश्रित गांव चारभाठा में एक पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका हुआ उसका शव मिला। जिसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुधारी ने आखिर आत्महत्या क्यों की।

# होटल-ढाबों पर कार्रवाई, अवैध शराब परोसने वालों पर पुलिस का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए कबीरधाम पुलिस ने होटल, ढाबा और रेस्टोरेंटों में बड़े पैमाने पर सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया।



कार्रवाई के दौरान कई संचालक ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसते मिले, जिनके खिलाफ मौके पर ही वैधानिक कार्रवाई की गई। वहीं एक होटल संचालक की स्कूटी से प्लेन देशी शराब भी जब्त की गई। कोतवाली पुलिस, एएनटीएफ और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने शहर के नवीन बाजार, नया बस स्टैंड, राजनांदगांव बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों के होटल, ढाबा और रेस्टोरेंटों में एक साथ दबिश दी। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों में ग्राहकों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पिलाई जाती मिली। पुलिस ने संबंधित संचालकों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान एक होटल संचालक की स्कूटी की तलाशी में प्लेन देशी शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

एसडीओपी आशीष शुक्ला ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से शराब परोसने, शराब पिलाने और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब बिक्री, शराब पिलाने या किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# जिला अस्पताल में महिला का सफल सीजेरियन ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला अस्पताल कबीरधाम के चिकित्सकों ने एक दंपति के 15 वर्षों के लंबे इंतजार को खुशियों में बदलते हुए एलएससीएस (सीजेरियन ऑपरेशन) के माध्यम से 2.970 किलोग्राम वजन के स्वस्थ नवजात शिशु का सफलतापूर्वक जन्म कराया।



जटिल गर्भावस्था के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों की सतर्कता और समन्वित प्रयासों से ऑपरेशन सफल रहा। वर्तमान में माँ और नवजात दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं। प्रसूता को प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच के दौरान सुरक्षित प्रसव के लिए एलएससीएस आवश्यक पाया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने समय पर निर्णय लेते हुए सफल ऑपरेशन किया। जन्म के समय नवजात का वजन 2.970 किलोग्राम पाया गया, जो संतोषजनक है।

परिजनों ने बताया कि विवाह के 15 वर्षों बाद उनके घर संतान का जन्म हुआ है। वर्षों के इंतजार के बाद नवजात की किलकारी सुनकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### राजानवागांव हाई स्कूल में जिला पुलिस प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान

# विद्यार्थियों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भोरमदेव पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र के राजानवागांव हाई स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा, अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप, नवीन आपराधिक कानून, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए बताया कि आज के समय में साइबर ठगी के तरीके लगातार बदल रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी, फर्जी लिंक भेजकर बैंक खाते से रकम निकालने की घटनाएं, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान, बैंकिंग फ्रॉड, साइबर बुलिंग, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन, संदेश या ई-मेल पर भरोसा न करें।

किसी भी परिस्थिति में अपने बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई संदिग्ध कॉल, लिंक या ऑनलाइन लेन-देन सामने आए तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन को दें।

#### अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप की बताई गई उपयोगिता



कार्यक्रम में अभिव्यक्ति मोबाइल ऐप की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि यह ऐप विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए विकसित किया गया है। विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सड़क सुरक्षा नियमों तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपने दायित्वों की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दें, ताकि डिजिटल युग में सुरक्षित समाज का निर्माण किया जा सके। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपयोगी कार्यक्रम के लिए कबीरधाम पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कलेक्टर ने ली समयसीमा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, स्कूलों में आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व, एग्रीस्टेक, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्कूलों के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। इसके लिए प्रत्येक स्कूल की सूची तैयार कर यह चिन्हित किया जाए कि किन विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं।

उन्होंने आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार कराने तथा शिविर आयोजित कर सभी पात्र विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य विभाग से राशन कार्ड का डाटा प्राप्त कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

धान खरीदी से जुड़े नोडल अधिकारियों की संयुक्त जांच समिति रिपोर्ट तैयार करने में बरती लापरवाही

# धान खरीदी 2024-25 में दो केंद्रों से 27,670 क्विंटल धान गायब, महीनों बाद जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर ने दिए थे जांच के आदेश, अफसरों ने उड़ाई धज्जियां धान खरीदी सत्र 2024-25 में जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्रों बाजारा चारभाठा और बघर्रा से करोड़ों रुपए मूल्य के धान गायब होने का मामला युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने सूचना के अधिकार से निकाले दस्तावेज लगभग 8.5 करोड़ रुपए के इस कथित घोटाले का खुलासा हुए नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन संयुक्त जांच टीम अब तक किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

जांच की धीमी रफ्तार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के अभाव ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। यह मामला और भी हैरान करने वाला इसलिए बन गया है क्योंकि करोड़ों रुपए के धान घोटाले में निलंबित किए गए तत्कालीन धान खरीदी प्रभारी को चुपचाप बहाल कर दिया गया है। इतनी बड़ी वित्तीय अनियमितता के बावजूद न तो अब तक सरकारी राशि की वसूली हो सकी है और न ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इससे जिला प्रशासन, विपणन विभाग और जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सितंबर 2025 में शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर ने जिला खाद्य शाखा, पंजीयक विभाग और धान खरीदी के नोडल अधिकारियों की संयुक्त जांच टीम गठित की थी। उस समय उम्मीद जताई जा रही थी कि करोड़ों रुपए के इस कथित घोटाले के जिम्मेदारों पर जल्द कार्रवाई होगी और दोषी सलाखों के पीछे पहुंचेंगे। लेकिन नौ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। अब मामले को उलझाने और कार्रवाई टालने के लिए तकनीकी कारणों और प्रक्रियागत बहानों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे पूरे मामले पर पर्दा डालने की आशंका और गहरा गई है।

## करोड़ों के धान की कमी उजागर, फिर भी प्रभारियों पर नहीं गिरी गाज




धान खरीदी सत्र 2024-25 में जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्रों में कुल 8 लाख 3 हजार 528 क्विंटल धान संग्रहित था। बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में संग्रहित 6 लाख 46 हजार 486 क्विंटल धान के विरुद्ध 22 हजार 997 क्विंटल धान कम पाया गया, जो लगभग 3.56 प्रतिशत की कमी है। वहीं बघर्रा संग्रहण केंद्र में संग्रहित 1 लाख 57 हजार 42 क्विंटल धान के मुकाबले 4 हजार 673 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो लगभग 3.0 प्रतिशत है। हैरानी की बात यह है कि बाजार चारभाठा केंद्र में इतनी बड़ी मात्रा में धान की कमी मिलने पर केंद्र प्रभारी को निलंबित तो किया गया, लेकिन बाद में उन्हें पुनः बहाल कर दिया गया। दूसरी ओर बघर्रा केंद्र के प्रभारी के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, वर्ष 2025-26 के धान संग्रहण का कार्य भी उसी प्रभारी के माध्यम से कराया गया। करोड़ों रुपए मूल्य के धान की कमी उजागर होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होना और संबंधित प्रभारियों को संरक्षण मिलना पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## जिले में करोड़ों रुपए का धान खरीदी में महाघोटाला: आकाश केशरवानी

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया है कि धान खरीदी सत्र 2024-25 में मार्कफेड की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के उठाव के बाद भी 46,360 क्विंटल से अधिक धान की कमी पाई गई, जिसका मूल्य लगभग 14 करोड़ 37 लाख रुपए से अधिक है।बाजार चारभाठा एवं बघर्रा संग्रहण केंद्रों में 27,670 क्विंटल धान की कमी दर्ज हुई, जिसकी कीमत लगभग 8.5 करोड़ रुपए से अधिक है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं धान खरीदी सत्र 2025-26 में भी जिले के सभी उपार्जन केंद्रों के उठाव के बाद मार्कफेड की वेबसाइट पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार करीब 52 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आई है, जिसका अनुमानित मूल्य 16 करोड़ रुपए से अधिक बताया जा रहा है। बड़ी समितियों पर कार्यवाही न करके उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान सरकार एवं विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से जिले में करोड़ों रुपए का धान महाघोटाला होने का आरोप लगाया गया है।

# बोल बम समिति कुण्डा की कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक

- मां महामाया बोल बम समिति 151 किलोमीटर तक करेगा कावड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा कांवड़ यात्रा हेतु मां नर्मदे के पवित्र जल के लिए रवाना होगी, इस यात्रा के लिए किस रूट जाना है और किस रूट से कावड़ यात्रा करना है को लेकर विगत दिनों समिति ने शिव मंदिर प्रांगण में बैठक आहुत की जिसमें समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

इस वर्ष कांवड़ यात्रा 30 जुलाई 2026 गुरुवार से शुरू होकर 11 अगस्त मंगलवार सावन शिवरात्रि तक आयोजित होगी, मान्यता है कि देवाधिदेव महादेव के प्रिय महीने सावन में पहली बार कांवड़ यात्रा की शुरुवात भगवान परशुराम ने की तब से अनवरत जारी है, हरिद्वार गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थान के पवित्र नदियों के जल भक्तगण कावड़ में भरते है और शिवालयों में जाकर उस जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते है।

जिले के शिवभक्त मध्यप्रदेश के अमरकंटक में स्थित मां नर्मदे की पवित्र जल लेने अमरकंटक जाते है। इस बार मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा के शिवभक्त 4 अगस्त 2026 को मां नर्मदे का पवित्र जल लेने कुण्डा से अमरकंटक निकलेंगे वहीं इस बार मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा की लगभग 100 भूतनाथ के भक्तगण की जत्था 4 अगस्त को नर्मदा नदी का पवित्र जल लेने अमरकंटक रवाना होगी।

समिति के अध्यक्ष एवं मां महामाया मंदिर के पुजारी पं नूतन प्रसाद शर्मा ने बताया कि बोल बम समिति गठन 2009-10 में हुआ था तब से निरंतर हर वर्ष कांवड़ यात्रा जारी है। उन्होंने बताया बोल बम समिति विगत 17 वर्षों से कांवड़ यात्रा कर भगवान भोलेनाथ की जलाभिषेक कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। श्री शर्मा ने बताया यात्रा की तैयारी हेतु सोमवार को समिति का आवश्यक बैठक आहुत किया गया।

मां महामाया बोल बम समिति कुण्डा मां नर्मदे की पवित्र जल कांवड़ में भरकर अमरकंटक से कावड़ उठाकर 151 किलोमीटर की कावड़ यात्रा कर जलेश्वर महादेव डोंगरिया में जलाभिषेक एवं कवर्धा में स्थित बुढ़ामहादेव में जलाभिषेक एवं कुण्डा में नगर भ्रमण कर मां महामाया मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश जिले एवं ग्राम एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली समृद्धि की मंगल कामना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### घोरपेंड्री में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण संपन्न



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत घोरपेंड्री में डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत ग्राम घोरपेंड्री बूथ क्रमांक 231 में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ, तत्पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं जयंती मनाया गया, जिसमे युवा मोर्चा कुण्डा अध्यक्ष देवेंद्र चंद्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर चंद्राकर एवं बूथ अध्यक्ष नीलमणी चंद्राकर, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राकेश चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप, जगन्नाथ, गोकुल, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश एवं अध्यक्ष सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### युवा सारथी सेवा संस्था ने किया रक्तदान

**कवर्धा।** युवा सारथी सेवा संस्था जिला कबीरधाम के सारथी साथियों द्वारा जिला चिकित्सालय में विगत दिवस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किए। युवा सारथी सेवा संस्था अपनी अलग पहचान रखती हैं, इस संस्था में युवाओं के समग्र विकास सशक्त युवा और विकसित राष्ट्र के निर्माण के सपनों के साथ भगवान श्री कृष्ण को आदर्श मानते हुए सारथी के भूमिका निभाते कृष्ण भगवान ने अर्जुन को युद्ध में विजय प्राप्त करने का मुल मंत्र भागवतगीता सुनाया, उसी प्रकार युवाओं को सशक्त बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में समाज समाज सेवा का पुरजोर समर्थन करने को संकल्पित है। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य गण उपस्थित थें।

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री यश गिलड़ा पिता श्री अमरचंद गिलड़ा पता दुर्ग रोड बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा मौजा कोबिया, तह. व जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 2101 रकबा 0.105 हे. भूमि को पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से दानदाता श्रीमती ज्योति गिलड़ा पति श्री अमरचंद गिलड़ा से दिनांक 23.06.2026 को प्राप्त किया है।

यह कि दानदाता श्रीमती ज्योति गिलड़ा पति श्री अमरचंद गिलड़ा ने मौजा कोबिया प. ह.नं. 27, रा.नि.मं. कोबिया, तह. एवं जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित ख.नं. 2101 रकबा 0.105 हे. भूमि को दिनांक 19.01.2012 को पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से श्री रामजी, गौकरण एवं लालजी सभी पिता श्री बैतुल से क्रय किया था, जिसका ग्रंथ क्र. 7380 द.क्र. 2753 है।

उपरोक्त पंजीकृत विक्रय पत्र की मूल प्रति दानदाता द्वारा मुझे प्रदान की गयी थी जो गुम हो गयी है जिसे मेरे द्वारा खोज किए जाने पर भी मूल प्रति मुझे नहीं मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.01.2012 जिसका ग्रंथ क्र. 7380 द.क्र. 2753 की मूल प्रति मिलने की संभावना नहीं है।

उपरोक्त वर्णित संपत्ति के किसी भी अंश के एवज में किसी व्यक्ति/व्यक्तियों, संस्था, निगम, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, साहूकार से कोई भी ऋण नहीं लिया गया है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ व्यक्तियों, संस्था, निगम, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, साहूकार को कोई भी उजर या दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (दिन) के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज के हमारे नीचे लिखे कार्यालय में प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करें। बाद म्याद गुजरने के की गई उजर आपत्ति झुठी एंव नाजायज मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान बेमेतरा
दिनांक 07.07.2026

अपूर्व तिवारी (अधिवक्ता)
कार्यालय वार्ड नं. 03 नया बस स्टैण्ड के पीछे कचहरी पारा बेमेतरा

# शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को महामाया चौक स्थित शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रावास, मेस तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई, शिक्षण व्यवस्था तथा महाविद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, शिक्षकों द्वारा कराई जा रही पढ़ाई, पाठ्यक्रम के संचालन तथा अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों से आवासीय व्यवस्थाओं, कमरों की स्थिति, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर स्थित मेस का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, समय पर भोजन उपलब्ध होने तथा भोजन के मेन्यू के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेस में तैयार किए जा रहे भोजन का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता की जांच की तथा स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चेतन साहू, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नारायणी साहू, डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दूल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

### मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली

कलेक्टर ने महाविद्यालय एवं छात्रावास में पेयजल की उपलब्धता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में बारिश के कारण आई सीलन पर उन्होंने तत्काल आवश्यक मरम्मत कर समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाविद्यालय में किसी प्रकार की कमी हो, उसका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## पेज 9 का शेष

### बाढ़ आपदा से निपटने के लिए ...

सभी विभागों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को खाद्यान्न, स्वास्थ्य विभाग को दवाइयां व मेडिकल टीम, पशुधन विभाग को पशुओं के उपचार, सिंचाई विभाग को बांधों व जलाशयों की निगरानी, बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति तथा नगर निकायों को जल निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को प्राथमिकता देने, नदी-नालों और पुल-पुलियों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### घठोली स्कूल में हुआ ...

को पर्यावरण मंत्री, डोमन पाल को खेल मंत्री, अनन्य पाल को सांस्कृतिक मंत्री, डाली साहू को स्वास्थ्य मंत्री, चितरेखा ध्रुव को स्वच्छता मंत्री, रोशनी साहू को वित्त मंत्री, लता साहू को शिक्षा मंत्री, दीक्षा साहू को अनुशासन मंत्री तथा काव्या साहू को खाद्यान्न मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया में रूपेश कुमार साहू के साथ मनोज शर्मा, बुलेश्वर वर्मा, मनोहर लाल साहू एवं सुचिता निषाद ने निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका निभाई।

### जिले में डायल-112 सेवा को और ...

एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की बात कही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव ने आपातकालीन कॉल पर समयबद्ध कार्रवाई, पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय एवं सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उईके, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार उषा ठाकुर, निरीक्षक सोनल ग्वाला, डीसीसी प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, डीसीसी प्रभारी मुंगेली सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कश्यप, डीसीसी प्रभारी बलौदाबाजार सहायक उपनिरीक्षक कमल किशोर देवांगन, कंट्रोल रूम एवं डायल-112 बेमेतरा के दिलीप सिंह सहित तीनों जिलों के डायल-112 सेवा से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बारिश से लबालब बैजी ...

और जर्जर भवनों की समस्या को लेकर कई बार विभाग को लिखित आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर वर्ष बारिश में यही स्थिति बनती है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ग्रामीणों और पालकों का कहना है कि सरकार बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के दावे करती है, लेकिन ग्राम बैजी के स्कूल की स्थिति इन दावों की हकीकत बयां करती है। उन्होंने स्कूल के लिए नए भवन का निर्माण, जर्जर भवनों को हटाने, स्थायी जल निकासी व्यवस्था और बच्चों के लिए सुरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है।

### दो सरकारी स्कूलों के नए भवन ....

मानकों के अनुरूप ही कराया जाएगा तथा स्वीकृत लागत से अधिक व्यय की अनुमति नहीं होगी। निर्माण कार्य केवल शासकीय भूमि पर किया जाएगा। कार्य प्रारंभ करने से पहले तकनीकी स्वीकृति, स्थल सत्यापन, नक्शा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच सुनिश्चित की जाएगी। निर्माण गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के प्रचलित मानकों के अनुसार होगी। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें योजना का नाम, निर्माण एजेंसी, स्वीकृत राशि तथा कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण होने की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही प्रत्येक माह की 25 तारीख तक प्रगति प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेजना अनिवार्य होगा। कार्य पूर्ण होने के बाद मूल्यांकन प्रतिवेदन, मांग पत्र और फोटोग्राफ प्रस्तुत किए जाने पर ही अगली किश्त जारी की जाएगी। जिला पंचायत ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय एवं तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए राशि की वसूली की जाएगी।

### नकटी में गरीबों के मकान तोड़े ...

आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत स्वीकृत थे। शिवसेना ने मांग की है कि जिन परिवारों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें नवा रायपुर अथवा समीप के क्षेत्र में तत्काल निःशुल्क ईडब्ल्यूएस पक्के आवास आवंटित किए जाएं। साथ ही मकान और घरेलू सामान के नुकसान का आकलन कर उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

# मौसम हुआ सुहाना, तापमान में आई गिरावट

- झमाझम बारिश से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



शहर सहित क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा और दामापुर क्षेत्र में लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोग परेशान थे। वहीं पिछले दो तीन दिनों से शुरू हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया।

लगातार वर्षा होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी व उमस से काफी राहत मिली। मौसम सुहाना होने से आम नागरिकों के चेहरों पर भी खुशी देखने को मिली। लगातार बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। कई स्थानों पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों की बुवाई शुरू नहीं हो पाई थी। अब अच्छी बारिश के बाद किसानों ने खेतों की तैयारियां तेज कर दी हैं और बुवाई का कार्य रफ्तार पकड़ने लगा है।

किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से इस वर्ष अच्छी खेती की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं लगातार हो रही वर्षा से क्षेत्र के नदी-नालों में भी पानी का बहाव बढ़ने लगा है। गर्मी के चार महीनों के दौरान कई नदी-नालों में जलधारा लगभग समाप्त हो गई थी, लेकिन अब बारिश के कारण उनमें फिर से पानी बहने लगा है। जलस्तर में भी धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में पेयजल और सिंचाई की स्थिति में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# कुण्डा स्थित दुख निवारण गुरुद्वारा में अर्जुन तिवारी ने टेका मत्था



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि व पंडरिया जनपद के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी ने अपने क्षेत्रीय जन संपर्क अभियान के तहत कुण्डा पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लोगों के आस्था व विश्वास के प्रतीक दुख निवारण गुरु द्वारा में मत्था टेका तथा गुरुद्वारा प्रमुख बाबा हरदीप सिंह से सौजन्य भेंटकर आर्शीवाद लिया, बाबा हरदीप सिंह ने श्री तिवारी के उत्तम स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य के लिए मंगल कामना भी किए। श्री तिवारी ने बताया कि बाबा हरदीप से उनका काफी पुराना नाता रहा है जब 1994 में पंडरिया जनपद अध्यक्ष चुनाव में विजयी हुए थे तो पंडरिया में महामाया मंदिर में दर्शन उपरांत कुण्डा आकर बाबा हरदीप से भेंट मुलाकात किए थे तब कुण्डा ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में सुरेंद्र सिंह छाबड़ा लंबे अंतरात से जीत हासिल किए थे, श्री तिवारी गुरुद्वारा के निशान साहब में भी मत्था टेका।

### जिला सरपंच संघ में शरद, सुनीता शामिल

**डोंगरगांव।** जिला सरपंच संघ की कार्यकारिणी का गत दिनों गठन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लाक के आधा दर्जन सरपंचों को शामिल किया गया है। मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष और ग्राम पंचायत कोहका के सरपंच दानेश्वर शरद वैष्णव को कार्यकारिणी में संगठन सचिव बनाया गया है। वहीं ग्राम पंचायत खुर्सीपार की सरपंच कुंती साहू को उपाध्यक्ष, कुतुलबोड़ भांठागांव के सरपंच रोहित साहू को संरक्षक, ग्राम पंचायत पेंडरवानी की सरपंच मेघा साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
माँ अक्स फाउंडेशन छत्तीसगढ़ को बेमेतरा जिले के लिए निम्न पदों पर अतिशीघ्र आवश्यकता है।
1. चैरिटी फील्ड ऑफिसर - 08 पद
योग्यता - स्नातक + कम्प्यूटर में डिग्री या डिप्लोमा
वेतन - 15000+ इनसेंटिव
नोट:- उक्त पदों के लिए समाज सेवा में कार्य का अनुभव रखने वाले को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक महिला/पुरूष उम्मीदवार अपना बायोडाटा दिनांक 15/07/2026 तक मोबाईल नं. 9399541067, 9907100499 पर भेज सकते है।
रीजनल मैनेजर माँ अक्स फाउंडेशन बेमेतरा छत्तीसगढ़

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### वृद्ध दंपत्ति को हथियार दिखाकर लूटा, गिरफ्तार

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति को हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि शुभकामना हाइट्स, प्रगति नगर, रिसाली निवासी वी. कुमार ने पुलिस में शिकायत किया। 4 जुलाई को पीड़ित प्लांट में ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान घर में काम करने वाली गिरजा यादव ने उसे फोन कर सूचना दी कि फ्लैट 109 स्थित उसके सास-ससुर के घर में अज्ञात व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बांधकर घर के भीतर घुस गया। वृद्ध दंपत्ति को धारदार हथियार दिखाकर धमकाया और सोना चांदी के जेवरात नगदी, सोने का नेकलेस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आसपास में कोजबीन कर अज्ञात के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का शिनाख्त सकई वायकला, पोस्ट डेकी बम्हनी बंजर, थाना बम्हनी बंजर, जिला मंडला एमपी हाल ही में अस्पताल सेक्टर, सड़क 10, ब्लॉक-2, मकान 9 निवासी विभान्शु महोबिया के रुप में हुआ है। आरोपी के पास से बाइक, धारदार हथियार, कपड़े जब्त किए गए। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### पावर हाउस रेलवे स्टेशन का फाल सिलिंग गिरा

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे का फाल सिलिंग अचानक गिरने से आसपास के लोग बालबाल बच गए। घटना सोमवार की दोपहर का बताया गया है। दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश के चलते स्टेशन का हाल में लगाए गए फाल सिलिंग भरभरा के गिर गया। हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई है। रेलवे ने पावर हाउस स्टेशन का अमृत मिशन के तहत सौंदर्यीकरण करने का काम साल भर से जारी है है लेकिन ठेकेदार द्वारा किए गए जा रहे काम की गुणवत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। पहली बारिश में ही रेलवे का पोल खोलकर रख दिया है। जब फॉल सिलिग गिरा उस समय उनके नीचे कोई नहीं था अगर कोई यात्री होता तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### एक पैर पर खड़े हो अतिथि शिक्षक ने किया प्रदर्शन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पिछले 11 सालों से सेवाएं दे रहे सैकड़ों अतिथि शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दुर्ग प्रदर्शन करने पहुंचे। अतिथि शिक्षक दुर्ग स्थित शिक्षा मंत्री के निवास के सामने पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने इस दौरान एक पैर पर खड़े होकर घंटो नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अतिथि शिक्षकों में राज्य सरकार के प्रति इतना रोष दिखा कि प्रदर्शन करने से उन्हें खराब मौसम भी नहीं रोक सका। मूसलाधार बारिश के बीच सभी शिक्षक भीगते हुए दुर्ग जिला मुख्यालय में इकट्ठा हुए। इसके बाद वो स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निवास की तरफ नारेबाजी करते हुए बढ़े। भारी भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रदर्शन कारी शिक्षकों ने एक पैर में खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार तक अपनी बात को पहुंचाया। प्रदर्शनकारी बी.ऐड. धारी शिक्षकों का कहना है कि सुदूर अंचलों में 11 साल से लगातार पढ़ाने के बाद भी उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही उन्हें किसी प्रकार के अवकाश की पात्रता मिलती है। इतना ही नहीं, हर साल गर्मी के दिनों में जब स्कूल बंद होते हैं, तो उन्हें ग्रीष्मकालीन अवकाश का कोई मानदेय या वेतन नहीं दिया जाता, जिससे वे उन महीनों में पूरी तरह बेरोजगार हो जाते हैं। इन्हीं आर्थिक और मानसिक समस्याओं से परेशान होकर वे लगातार सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं।

---

सीएम हेल्पलाइन, सुशासन तिहार, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, स्कूलों की मॉनिटरिंग सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# टीएल बैठक में कलेक्टर का सख्त संदेश योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने मंगलवार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, जनहित के मामलों एवं विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक योजना का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे तथा विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य आधारित कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें और योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए।

बैठक में वीबीजी राम योजना के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड निरीक्षण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल पोर्टल पर प्रकरण बंद करने तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक एवं स्थायी राहत मिले। निम्न रैंकिंग वाले विभागों को विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने तथा रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने, जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का सर्वे कर सूची तैयार करने तथा नए भवनों के प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।


राजस्व विभाग को विद्यार्थियों एवं पात्र नागरिकों के जाति प्रमाण-पत्र समय-सीमा में जारी करने तथा स्वास्थ्य विभाग को परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने को कहा गया। वहीं शिक्षा विभाग को विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग कर शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरीय निकाय एवं पंचायत विभाग को सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को गौठानों एवं कांजी हाउस में सुरक्षित रखने तथा वहां चारा, पेयजल, छाया और उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पदमाकर, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डिप्टी कलेक्टर, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानखम्हरिया



नगर के प्राचीन राधा कृष्ण जमात मंदिर में हिंदू सनातन धर्म के विचारों के प्रचार-प्रसार, धर्म जागरण एवं आध्यात्मिक चेतना के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। कथा का वाचन प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से पधारे सीताराम धर्म प्रचारक आचार्य अखिलेश मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान आचार्य अखिलेश मिश्रा ने भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि पर्वतराज हिमालय की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर माता जगदंबा ने उनकी पुत्री के रूप में अवतार लिया। समय बीतने पर जब माता पार्वती विवाह योग्य हुईं तो पर्वतराज को उनके विवाह की चिंता सताने लगी। बचपन से ही माता पार्वती भगवान भोलेनाथ को अपना आराध्य और भावी पति मानकर उनकी कठोर तपस्या करती रहीं। कथा व्यास ने आगे बताया कि एक दिन महर्षि नारद पर्वतराज हिमालय के महल पहुंचे और उन्होंने भविष्यवाणी की कि माता पार्वती का विवाह स्वयं भगवान शिव से होगा। विवाह के समय भगवान भोलेनाथ भूत, प्रेत, गणों और पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे। उनका अद्भुत एवं अलौकिक स्वरूप देखकर पर्वतराज हिमालय एवं उनके परिजन आश्चर्यचकित रह गए, किंतु माता पार्वती ने पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार किया। तत्पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ।

कथा के दौरान श्रद्धालु शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का श्रवण कर भावविभोर हो उठे तथा पूरा वातावरण भगवान शिव और माता पार्वती के जयघोष से भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से बसंत बिहारी दास, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे।

---

## आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण



**बेमेतरा।** नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मंगलवार को आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत फलदार पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार डडसेना, नगर पालिका सभापति गौरव साहू, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

---

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा, राष्ट्रहित में कार्य करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और संघर्ष की अमर प्रेरणा : अजय साहू



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् एवं स्वतंत्र भारत की राजनीति को वैचारिक दिशा देने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा द्वारा जिला कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षा, संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और लोकतांत्रिक मूल्यों को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया और अपने सिद्धांतों के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनके विचार आज भी मार्गदर्शक हैं तथा प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वे उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की प्रेरक गाथा है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके राष्ट्रवादी विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा, लोकतांत्रिक परंपराओं और राष्ट्रीय हितों को नई दिशा दी। उनके आदर्श आज भी समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, अवधेश चंदेल, संध्या परघनिया, ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, महेश साहू, अंजु बघेल, विजय वर्मा, डोसन साहू, ,गौरव यदु, संदीप यादव, विनय साहू, रेवा राम निषाद,नीमा गुप्ता सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा एवं संगठन सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

---

## एनएच में बनी घटिया सड़क की पहली बारिश में खुली पोल, टीआई नजर आए गड्ढा पाटते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई व नेहरू नगर चौक के बीच भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने पुराने टोल के बिल्डिंग को तोड़कर किए गए सड़क चौड़ीकरण की गुणवत्ता की पोल दो दिन से हो रही बारिश ने खोल दी है। इस सड़क को बने अभी कुछ महीने ही हुए हैं कि इसमें इतने बड़े गड्ढे हो गए कि वाहनों को आने जाने में परेशानी होने लगी।


किसी तरह की बड़ी अनहोनी ना हो उसको देखते हुए ट्रैफिक टीआई सतीश साहू अपनी टीम के साथ पहुंचे और सड़क के गड्ढों को पाटा, जिससे ट्रैफिक सुरक्षित चल सकें। आपको बता दें कि सुपेला थाने के आगे कोसा नाला के पास कुछ महीने पहले तक केवल एक छोटा पुल था। इस पुल के जरिए वाहनों का आना जाना होता था। इससे कुछ दूर पर ही टोल प्लाजा की पुरानी बिल्डिंग होने से सड़क काफी घुमाओदार थी। रायपुर नागपुर नेशनल हाइवे पर संकरा पुल और घुमाव होने के चलते पीडब्ल्यूडी एनएच ने यहां लेफ्ट और राइट साइड में पुराने पुलिस लगते दो नई पुलिया बनाई और उसे सर्विस रोड से कनेक्ट किया, जिससे शहरी क्षेत्र में आने जाने वाले वाहनों को परेशानी न हो। इसके साथ ही टोल की पुरानी बिल्डिंग को भी डिसमेंटल करके उसकी जगह सड़क को सीधा और चोड़ा किया गया। इस कार्य में करोडों रुपए खर्च किए गए, लेकिन ठेकेदार ने यहां इतना गुणवत्ताहीन कार्य किया है कि सड़क दो से तीन महीने ही चली और दो दिन की बारिश में भारी वाहन चलने से इसमें बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं।जैसे ही इसकी ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा को हुई। उन्होंने तुरंत अपने टीआई को सूचना दी और टीम के साथ मौके पर भेजा। टीआई सतीश साहू कुछ ट्रैफिक जवानों के साथ वहां पहुंचे।उन्होंने देखा कि एनएच में बड़े आकार के गड्ढे हो रहे हैं। इस पर उन्होंने अपने जवानों के साथ मिलकर सड़क के किनारे पड़े कंक्रीट मटेरियल को गड्ढों में पाटा, जिससे वाहनों को आवागमन में परेशानी न हो।

एक तरफ ट्रैफिक पुलिस सड़क दुर्घटना को कम करने पर लगी है, वहीं घटिया निर्माण की वजह से सड़क में गड्ढे होने से दुर्घटनाओं का अंदेशा काफी बढ़ गया है। एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक कोसानाला के पास नई सड़क में हुए गड्ढे में स्कूटी का चक्का आने से दो लोग चोटहिल हो गए। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत ट्रैफिक पुलिस में की।

---

## वर्षों से न्याय की आस में भटक रहा किसान सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ग्राम हरदास के किसान गिरधारी निषाद ने सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपा है। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों से वे विभिन्न शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही है।

गिरधारी निषाद ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025 और 2026 के सुशासन तिहार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय तथा खनिज विभाग में भी कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण केवल औपचारिक जांच कर मामले को समाप्त कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पटवारी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में बिना वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किए रास्ता खुला होने और अतिक्रमण नहीं होने की बात लिखी जाती है, जबकि मौके की स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। गिरधारी ने बताया कि उन्होंने कृषि कार्य के लिए बैंक से केवाईसी के आधार पर ऋण भी लिया है, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण खेती नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में ऋण चुकाना भी उनके लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। किसान का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए आवेदन पर निष्पक्ष जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र

### समाधान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे

किसान गिरधारी निषाद का आरोप है कि ग्राम हरदास में शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 484 एवं 457 पर कथित रूप से अतिक्रमण कर मिट्टी डाल दी गई है, जिससे उनके खेत तक जाने वाला ट्रैक्टर मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं खसरा नंबर 487 में प्राकृतिक नदी के बहाव क्षेत्र पर भी कथित अतिक्रमण कर खेती किए जाने का आरोप है। किसान का कहना है कि इससे बारिश के दौरान उनके खेत में पानी भर जाता है और पिछले कई वर्षों से फसल को नुकसान हो रहा है। शिकायतों के बावजूद अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है, जिससे वे इस वर्ष धान की बोवाई भी नहीं कर सके। किसान ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाकर मार्ग बहाल कराने की मांग की है।

---

एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने लगाए पौधे

# वन महोत्सव सप्ताह: कृषि महाविद्यालय ढोलिया में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं। वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ ही जल एवं मृदा संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केवल पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का रोपण कर उसका संरक्षण सुनिश्चित करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर डॉ. यू. के. ध्रुव, डॉ. असित कुमार, कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीति पैंकरा, डॉ. साक्षी बजाज, श्रीमती प्रतिभा सिंह, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. महानंद, डॉ. रामेश्वर, श्री संजीव गुर्जर सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**आगे भी चलेंगे पर्यावरण जागरूकता अभियान:** महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

